श्याम धणी का फागण मेला आ गया

श्याम धनि का फागण मेला आ गया,
सोणा सोणा श्याम सलोना,
फागण का रंग भक्तों पर है छा गया,
सोणा सोणा श्याम सलोना ।

कितना सोणा कितना प्यारा लग रहा है मेरा बाबा,
ऊपर से ये फागण मेला सोने पे सुहागा,
खाटूवाला सेठ हमको भा गया,
सोणा सोणा श्याम सलोना ।

मन में उठे हिलोर जैसे लहराए निशान,
हमने तो लिख डाला दिल पे जय जय बाबा श्याम,
मुरली की कोई तान हमे सुना गया,
सोणा सोणा श्याम सलोना ।

सर पे चढ़ के बोले मेरे श्याम नाम का जादू,
नजर जिधर भी फेरूं,मुझको दिखता है बस खाटू,
दीवाना मुझको अपना बना गया,
सोणा सोणा श्याम सलोना ।

ऐसा लगता सपने से कोई आया हमे जगाने,
आँख खुली तो बज रहे थे 'सौरभ मधुकर' के गाने,
दरवाजा लीला घोड़ा खुड़का गया,
सोणा सोणा श्याम सलोना ।

भजन गायक - सौरभ मधुकर
रचयिता - सौरभ मधुकर

स्वर : सौरभ मधुकर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1215/title/shyam-dhani-ka-fagan-mela-aa-gaya-sona-sona-shyam-salona-Khatu-Shyam-bhajan-with-hindi-lyrics-by-Saurabh-Madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |